स्वर्गीय कन्हैयालाल गुप्ता जी
(1925-1992)

स्वर्गीय कन्हैयालाल गुप्ता - रामगुलाम कन्हैयालाल गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष और अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के पूर्व अध्यक्ष रहे माथुर वैश्य समाज के अनमोल रत्न स्वर्गीय कन्हैयालाल गुप्ता माथुर वैश्य समाज के कल्याण के लिए हमेशा चिंतनशील रहे। तो इसी कड़ी में वे हमेशा देशभर के सभी शहरों में माथुर वैश्य भवन का सपना देखते थे।

आगरा में अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा भवन का निर्माण करने के बाद उनका सपना वाराणसी शहर में भी आगरा के तर्ज पर तुरंत भवन निर्माण शुरू करने का था, लेकिन अचानक उनका स्वर्गवास होने के कारण वह अपना सपना पूरा नहीं कर सके।

स्वर्गीय रेशम देवी गुप्ता की प्रेरणा से स्वर्गीय कन्हैया लाल गुप्ता के ज्येष्ठ सुपुत्र श्री अशोक कुमार गुप्ता ने वाराणसी में अपने पिता के सपनो को मूर्त रूप देने की नींव में पहला ईट रखते हुए कन्हैया लाल गुप्ता मोती वाला स्मृति भवन के रूप में सपने को हकीकत में बदल दिया।

कन्हैया लाल गुप्ता मोतीवाला स्मृति भवन, वाराणसी रेलवे स्टेशन से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर शहर के मध्य काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रास्ते पर रथयात्रा चौराहे के समीप अवस्थित है। यह भवन शादी विवाह समारोह, सामाजिक व धार्मिक कार्यो के साथ साथ पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए आरामदायक स्थान है।